# नेशनल लोक अदालत, जिला जबलपुर, खंडपीठ क्र.–06
## (पीठासीन अधिकारी – ऋतुराज सिंह चौहान)
## (सदस्य–तृतीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जबलपुर)

| | |
|---|---|
| Registration No. | MACC/5016/2022 |
| Filling No. | 17912/2022 |
| CNR No. | MP2001--034978-2022 |
| Filing Date | 17.10.2022 |

सीताराम **विरूद्ध** मनीष उपाध्याय व अन्य

**:: अधिनिर्णय ::**

(दिनांक **09.12.2023** को पारित)

आज दिनांक 09.12.2023 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में इस खंडपीठ के समक्ष आवेदक **सीताराम पिता रज्जन, उम्र–28 वर्ष, पेशा–मजदूरी, वर्तमान निवासी–कनौजिया फार्म, बम्हनौदा, पनागर, जिला जबलपुर (म.प्र.) स्थायी पता–ग्राम सर्रा, दमोह (म.प्र.)** व अनावेदक बीमा कंपनी **इफ्को टोकियो इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** के अधिवक्तागण ने उपस्थित होकर इस आशय का राजीनामा आवेदन पेश किया कि, उनके मध्य **2,40,000/– रुपए (दो लाख चालीस हजार रुपये)** में राजीनामा हुआ है। यह राजीनामा पक्षकारों के हित एवं विधि के अनुरूप है। उभयपक्ष द्वारा स्वस्थ मानसिक दशा में स्वेच्छापूर्वक एवं स्वतंत्र सहमति से राजीनामा किया जाना व्यक्त किया गया है। अतः विचारोपरांत राजीनामा आवेदन स्वीकार कर निम्नानुसार अधिनिर्णय पारित किया जाता है :–

**1.** अनावेदक बीमा कंपनी क्षतिपूर्ति के रूप में **2,40,000/– रुपए (दो लाख चालीस हजार रुपये) दो माह के भीतर** तृतीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया स्थित खाता क्रं 519302010004578 आई.एफ.एस.सी. कोड यू.बी.आई.एन 0551937 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से जमा कर न्यायालय को सूचित करें।

**2.** दो माह की अवधि में राशि जमा किये जाने में व्यतिक्रम किये जाने पर बीमा कंपनी अधिनिर्णीत राशि पर 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज का भुगतान करेगी।

**3.** उक्त क्षतिपूर्ति राशि आवेदक को मय ब्याज राष्ट्रीयकृत बैंक के बचत खाते के माध्यम से अदा की जावे।

**4.** आवेदक के लिये यह अनिवार्य होगा कि अधिनिर्णीत राशि के भुगतान के पूर्व अधिकरण के समक्ष पासबुक की फोटोप्रति एवं आधार कार्ड प्रस्तुत किये जाने की दशा में ही आवेदक के खाते में **RTGS/NEFT** अंतरित किये जाने के लिये भुगतान आदेश जारी किया जावेगा।

**5.** उभयपक्ष अपना–अपना व्यय स्वयं वहन करेंगे।

**6.** अधिनिर्णय डिजीटल हस्ताक्षर कर नियमानुसार सी.आई.एस. में अपलोड किया जावे।

| | |
|---|---|
| कु. शमा बेगम<br>सदस्य<br>खंडपीठ क्र.–06 नेशनल लोक अदालत | ऋतुराज सिंह चौहान<br>पीठासीन अधिकारी<br>खंडपीठ क्र.–06 नेशनल लोक अदालत |

RITURAJ SINGH CHOUHAN

Digitally signed by RITURAJ SINGH CHOUHAN Date: 2023.12.09 18:13:37 +0530